## सामान्य को भी कई तरह से डराकर परिजनों को सिजेरियन के लिए करा लिया जाता है राजी

# व्यवसाय में तब्दील हो रही सिजेरियन डिलेवरी प्राइवेट अस्पतालों में हर साल हो रही बढ़ोत्तरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आज लोग पैसा नहीं सुविधा देखते हैं। यही कारण है कि डिलेवरी के लिए अच्छी खासी संख्या में निजी चिकित्सालयों की ओर रुख किया जा रहा है। सिजेरियन डिलेवरी जो गंभीर मामलों में प्रसूताओं के लिए वरदान बनी थी, लेकिन अब निजी अस्पतालों ने उसे अपना व्यवसाय बना लिया है। प्राइवेट अस्पतालों में जाने वाली 70 से 80 फीसदी प्रसूताओं का सिजेरियन ऑपरेशन किया जा रहा है। खास बात तो यह है कि सरकारी अस्पतालों के मुकाबले प्राइवेट अस्पतालों में सुविधाएं बेहतर मानकर ऐसा खेल हो रहा है, जबकि यह सही नहीं है।

सिजेरियन डिलेवरी से परिवार में खर्च का अतिरिक्त बोझ बढ़ रहा है। ऑपरेशन से जुड़ी दवाएं, उपकरण एक बड़े व्यवसाय का रूप ले चुके हैं। सूत्रों की मानें तो दवा कंपनियों द्वारा विभिन्न तरीके से डॉक्टर से हामी भरा लेते हैं। एक बार हामी भरने के बाद नर्सिंग होमों में सर्जरी के लिए दवाओं की लिस्ट पकड़ा दी जाती है। दवा भी उसी नर्सिंग होम की दुकान से खरीदनी पड़ती है। इन दवाओं की कीमत हजारों रुपए की होती है।

प्राइवेट अस्पतालों में डॉक्टर अक्सर प्रसूताओं के परिजनों के सामने बच्चे की जान पर खतरे की आशंका जताते हैं। वे कहते हैं कि बच्चा उल्टा हो गया है, उसके गले में कॉर्ड फंस गया है या फिर उसके मुंह में गंदा पानी चला गया है। अस्पताल में आने वाले ज्यादातर लोग इससे डर जाते हैं और वे डॉक्टर को तुरंत सर्जरी करने की इजाजत दे देते हैं। प्रसव के तत्काल बाद नवजात बच्चों को खतरा बताकर आईसीयू, एसएनसीइयू या फिर वॉर्मर, वेंटीलेटर आदि में रखे जाने का चलन भी तेजी से बढ़ा है। प्रसव के बाद विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों की विजिट कराने के नाम पर प्रति डॉक्टर हजार रुपए से लेकर 1500 तक की फीस भी वसूली का एक नया जरिया बनती जा रही है। शहर के प्राइवेट अस्पतालों में सिजेरियन डिलेवरी रुपए कमाने का फार्मूला बन गई है।



अब इसे चिकित्सकीय नैतिकता के दायरे में समझने की कोशिश की जाए या सामान्य नैतिकता के दायरे में, दोनों ही दृष्टि से गैरजरूरी सिजेरियन डिलीवरी को उचित नहीं माना जा सकता। विभिन्न अध्ययनों से प्राप्त आंकड़े हो सकता है अतिशयोक्तिपूर्ण हैं, पर है वास्तव में यह चिंतनीय। निजी चिकित्सालयों द्वारा सब कुछ ठीक होने के बावजूद प्रायः सिजेरियन को प्राथमिकता दी जाने लगी है। इसमें सबसे दुखद बात जो सामने आती है वह यह कि सामान्य डिलीवरी का जो चार्ज होता है सिजेरियन में वह लगभग दो से तीन गुणा तक हो जाता है। ऐसे में अधिक आय व सुविधा के हिसाब से चिकित्सालयों द्वारा सिजेरियन डिलीवरी को प्रमुखता दी जाने लगी है। खासकर प्राइवेट अस्पतालों में सिजेरियन डिलीवरी में हर साल बढ़ोत्तरी हो रही है।

### सरकारी अस्पताल में आंकड़ा कम

यह सब तो तब है जब चिकित्सक इस बात को भली भांति जानते हैं कि सी–सेक्शन के कारण मां और बच्चे, दोनों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। हालांकि यह तथ्य भी उभर कर आया है कि सरकारी चिकित्सा केन्द्रों की तुलना में निजी अस्पतालों में सिजेरियन डिलीवरी का आंकड़ा लगभग उलट है। जहां एक ओर सरकारी अस्पतालों में सिजेरियन प्रसव का आंकड़ा काफी कम है वहीं निजी अस्पतालों में यह आंकड़ा कई गुणा अधिक है। दुखद तथ्य तो यह है कि केवल पैसे कमाने व सुविधा के लिए सिजेरियन डिलीवरी को प्राथमिकता दी जाती है। निजी चिकित्सालयों द्वारा प्रेगनेंसी से लेकर डिलीवरी तक प्रेगनेंट महिला को परीक्षण में रखा जाता है, आए दिन सोनोग्राफी व अन्य जांचें होती हैं और अधिकांश मामलों में डिलीवरी के ठीक पहले तक निजी चिकित्सालयों द्वारा यही कहा जाता है कि सब कुछ सामान्य है और फिर डिलीवरी के लिए चिकित्सालय में लेकर जाते ही पता नहीं कैसे सब कुछ असामान्य हो जाता है।

यह सब इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि आज समाज में नैतिकता की बात की जाती है पर चिकित्सकीय धर्म को भी कारोबार बना लिया जाए तो इसे कहां तक उचित माना जा सकता है। सुविधा के चलते निजी अस्पताल का रुख करते हैं पर वहां जाते ही जांच के नाम पर और दूसरे डॉक्टरों की विशेषज्ञ राय के नाम पर लूट को उचित नहीं माना जा सकता है। जब डॉक्टर अच्छी तरह से जानते हैं कि सी–सेक्शन से होने वाले प्रसव से मां और बच्चे दोनों की सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इससे स्तनपान कराने में देरी, शिशु का वजन कम होना और सांस लेने में तकलीफ जैसी परेशानी चिकित्सकों की जानकारी में होने के बावजूद सिजेरियन को वरीयता देना कहां की समझदारी मानी जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### गेहूं एवं दाल स्टॉक की घोषणा पोर्टल पर करनी होगी

**कटनी।** भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा गेहूं एवं दालों के व्यापारियों, थोक व्यापारियों, खुदरा विक्रेताओं, बिग चेन रिटेलर्स एवं प्रसंस्करणकर्ताओं के लिये गेहूं तथा दाल के स्टॉक की घोषणा करने स्टॉक पोर्टल तैयार किया गया है। इस पोर्टल पर व्यापारियों को प्रत्येक शुक्रवार को गेहूं एवं दालो के स्टॉक की घोषणा करनी होगी। भारत सरकार के ऑनलाइन पोर्टल पर जिले के व्यापारियों द्वारा गेंहूं स्टॉक की जानकारी दर्ज करनी होगी । इस प्रकार तुअर और उड़द पर स्टॉक सीमा निर्धारित किये जाने तथा तुअर और उडद के साथ मसूर के स्टॉक की जमाखोरी को रोकनें के संबंध में भारत सरकार के ऑनलाईन पोर्टल व्यापारियों द्वारा दालों के स्टॉक की जानकारी प्रति शुक्रवार धोषित करनी होगी। कलेक्टर अवि प्रसाद नें खाद्य सुरक्षा विभाग और कृषि उपज मंडी के अधिकारियों को जिले के समस्त पंजीकृत व्यापारियों से भारत सरकार के पोर्टल में गेहूं एवं दालों के स्टॉक की घोषणा नियमित रुप से दर्ज करानें के निर्देश दिए है।

### छात्रवृत्ति के लिये आनलाइन आवेदन 15 मई तक

**कटनी।** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण ने बताया कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के लिये ऑनलाईन आवेदन एमपीटास पोर्टल पर 15 मई तक किये जा सकेंगे। सहायक संचालक ने जिले के शासकीय महाविद्यालयों एवं निजी संस्थाओं के प्राचार्यो को सूचित किया है कि संस्था में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिये ऑनलाईन आवेदन पोर्टल में कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि उपरांत यदि कोई विद्यार्थी आवेदन भरने से वंचित रह जाता है, तो इसके लिये विद्यार्थी एवं संस्था प्रमुख स्वतः जवाबदार होंगे।

### आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि 20 मई

**कटनी।** जिले की शासकीय आईटीआई कटनी, बरही (बड़वारा), ढीमरखेंड़ा (उमरिया पान) रीठी, कैमोर, बहोरीबंद एवं विजयराघवगढ़ में संचालित एनसीव्हीटी, एससीव्हीटी व्यवसाय इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मोटर मैकेनिक, वेल्डर, कारपेंटर, मैकेनिक डीजल, स्टेनो हिन्दी, कोपा, ड्रेस मेकिंग, सोलर टेक्नीशियन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी इंटरनेट के माध्यम अपने स्तर से अथवा एमपी ऑनलाईन के अधिकृत सहायता केन्द्रो से आवेदन कर सकते है। शासकीय आईटीआई कटनी के प्राचार्य रंजीत कुमार रोहितास ने बताया कि प्रवेश विवरणिका कौशल विकास संचालनालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रवेश हेतु न्यूनतम योग्यता 8 वीं एवं 10 वीं है। प्रवेश की अंतिम तिथि 20 मई 2024 है। अधिक जानकारी हेतु अपनी नजदीकी आईटीआई में संपर्क किया जा सकता है इसके अतिरिक्त कौशल विकास विभाग की लिंक से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### महिला ने लगाई फांसी

**कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। जानकारी के अनुसार ग्राम गुड़ा कला में रिंकू मौर्य पति रिषिकेश मौर्य 30 निवासी गुड़ा कला थाना बड़वारा का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### हादसे में युवक की मौत

**कटनी।** सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। हादसा बड़वारा थाना क्षेत्र में हुआ। जानकारी के अनुसार सीएम राइज स्कूल बड़वारा हाइवे-43 में 9 मई को गोविंद सिंह पिता शंकर सिंह (28) निवासी जमुनिया थाना आमदरा जिला मैहर की लोडर वाहन क्रमांक एमपी 21 जी 2487 टक्कर से मौत हो गई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए चालक के खिलाफ धारा 304ए, 184 मोटर वीकर एक्ट का मामला दर्ज किया है।

### जहरीले पदार्थ का सेवन करने से युवक की मौत

**कटनी।** विषाक्त पदार्थ का सेवन करने से एक युवक की मौत हो गई है। घटना बरही थाना क्षेत्र के ग्राम उबरा की है।सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम उबरा में प्रवेश विश्वकर्मा पिता कमलेश विश्वकर्मा 18 की जहरीला पदार्थ पीने से इलाज दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

### झांसा देकर युवक को एक लाख का चूना

**कटनी।** एक व्यक्ति के साथ नया क्रेडिट कार्ड एक्टिव करने के नाम पर ठगी की गई है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत शास्त्री कॉलोनी का है। पुलिस अधीक्षक को की गई शिकायत में विनोद कुमार शिवहरे निवासी शास्त्री कॉलोनी ने बताया कि एचडीएफसी बैंक से क्रेडिट कार्ड लिया था। वह एक्टिव नहीं था। 9 मई को एक व्यक्ति द्वारा फोन किया गया। क्रेडिट कार्ड एक्टिव करने के नाम पर खाते से 99 हजार 990 रुपए की ठगी की है। बैंकों, पुलिस आदि के द्वारा लगातार जागरुक किया जा रहा है, इसके बाद भी लोग फर्जी फोनकॉल के झांसे में आ रहे हैं और रकम गंवा रहे हैं।

## प्रकरणों के निबटारे में बड़वारा अग्रणी

# कलेक्टर ने लंबित सीमांकन प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले में लंबित सीमांकन प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के दौरान मात्र 5 दिनों में अब तक 570 लंबित सीमांकन प्रकरण निराकृत किये जा चुके हैं। सीमांकन मामलों के निपटारे के नजरिए से बड़वारा तहसील जिले में अग्रणी है।

### तहसीलवार निबटारे की स्थिति

सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के मामले में जिले की बड़वारा तहसील पहले स्थान पर है। यहां अब तक 79 सीमांकन मामले निपटाए जा चुके हैं। वहीं कटनी नगर तहसील 75 सीमांकन मामलों का निपटारा कर दूसरे स्थान पर और स्लीमनाबाद तहसील 68 सीमांकन प्रकरणों को निराकृत कर तीसरे स्थान है। वहीं ढीमरखेड़ा तहसील 65 सीमांकन प्रकरणों का निपटारा कर



चौथे स्थान पर है। इन इसी प्रकार बहोरीबंद तहसील द्वारा पांचवे पायदान पर रहकर अब तक कुल 63 सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। जबकि छठवे स्थान पर बरही तहसील द्वारा 60 सीमांकन के प्रकरण, सातवे पायदान पर विजयराघवगढ तहसील द्वारा 57 सीमांकन प्रकरणों, रीठी तहसील द्वारा आठवे पायदान पर 55 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण किया गया है। जिले की कटनी तहसील सीमांकन प्रकरणों के निराकरण में अंतिम पायदान पर है। यहां सीमांकन के केवल 48 प्रकरण ही निराकृत हो सके हैं।

### प्रभावी कार्यवाही के दिये निर्देश

कलेक्टर श्री प्रसाद ने राजस्व अधिकारियों को सीमांकन प्रकरणों के निराकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। बताते चलें कि कलेक्टर श्री प्रसाद ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में निर्देशित किया था कि वर्तमान में गेहूं की फसल की कटाई की जा चुकी है ऐसे में जून माह तक खेतों के खाली रहने की ही संभावना है। यह स्थिति सीमांकन करने के लिए आदर्श और बेहतर स्थिति है। इसलिए सभी राजस्व अधिकारी इस सहज और अनुकूल स्थिति में लंबित सीमांकन प्रकरणों के निराकरण की दिशा में त्वरित और प्रभावी कार्यवाही करें। ताकि सीमांकन के सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण हो सके। इसके बाद सीमांकन प्रकरणों के निपटारे में तेजी आई है।

## गाटरघाट नदी के किनारे मिला नवजात का शव



कोतवाली थाना अंतर्गत गाटर घाट में शनिवार को सायंकाल एक नवजातका शव मिलने से सनसनी फैल गई। नवजात को किसने फेंका पुलिस अब उसकी तलाश में जुटी है। गाटर घाट स्थित नदी के किनारे जहां यह नवजात शिशु का शव बरामद हुआ। नवजात शिशु मिलने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ पहुंच गई जिसके बाद खबर लगने पर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने सभी को यहां से हटाया। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। कटनी शहर के गाटरघाट नदी पर शिशु, मिलने की यह लगातार दूसरी घटना है। नवजात को ब्रिज से फेंकने की आशंका जताई जा रही है।

# किसानों को सुविधाः मासांत तक होगी चना-मसूर, सरसों की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद ने किसानों की सुविधा के मद्देनजर समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों के उपार्जन हेतु बरही तहसील के प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पिपरिया कला के अंतर्गत ललितराज वेयर हाउस पिपरिया कला बड़वारा को उपार्जन स्थल बनाए जाने का आदेश जारी किया है।

क्षेत्रीय किसानों ने चना, मसूर और सरसों के उपार्जन हेतु उनके गांव के नजदीक खरीदी केन्द्र स्थापित करने पर कलेक्टर श्री प्रसाद के प्रति आभार जताया है।

### किसानों के लिए सुविधाओं के निर्देश

समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों की खरीदी निर्धारित उपार्जन केंद्रों पर 31 मई तक जारी रहेंगी। विपणन वर्ष 2024-25 में चना, मसूर एवं सरसों के ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत कृषकों से उपार्जन के लिए चिन्हित उपार्जन केन्द्रों पर शासन द्वारा चना 5 हजार 440 रुपये प्रति क्विंटल, मसूर 6 हजार 425 रुपये प्रति क्विंटल एवं सरसों 5 हजार 650 रुपये प्रति क्विंटल की दर से न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया है।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा सभी उपार्जन केन्द्रों पर किसानों की सुविधा को देखते हुये शुद्ध पेयजल, छायादार बैठने के स्थान, सुगम परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने पहले ही कृषि विभाग को निर्देशित किया जा चुका है।

### स्लाट बुक कर बेचे उपज

किसानों से आग्रह किया गया है कि वे उपार्जन केन्द्रों या कियोस्क अथवा स्वयं द्वारा अपनी सुविधानुसार स्लॉट बुक कर अपनी उपज का विक्रय शासकीय उपार्जन केन्द्रों पर करें।

## कलेक्टर ने कृषि मंडी स्थित स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

# सुरक्षा बलों को मुस्तैद रह कर चाक-चौबंद निगरानी के दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद ने शनिवार की शाम कृषि उपज मंडी पहरुआ परिसर स्थित स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा में रखी गई ईव्हीएम , व्हीव्हीपेट मशीनों के स्थल का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान सीसी टी व्ही कैमरों एवं एल ई टीव्ही की जांच की जाकर मुस्तैद सुरक्षा प्रहरियों को सुरक्षा व्यवस्था को चाक -चौबंद रखने के निर्देश दिए।

कृषि उपज मंडी परिसर में स्ट्रांग रूम में जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों क्रमशः बडवारा, मुड़वारा, बहोरीबंद और विजयराघवगढ़ का स्ट्रांग रूम बनाया गया हैं। शहडोल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बडवारा विधानसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है और खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के



अंतर्गत आने वाली तीन विधानसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को मतदान हुआ है। मतदान के बाद ईव्हीएम की कड़ी निगरानी और सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे सुरक्षा बलों द्वारा पहरेदारी की जा रही है। पूरी निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतते हुए जिला प्रशासन ने अभ्यर्थी अथवा उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं के नजरिए से स्ट्रांग रूम का 24 बाय 7 निरीक्षण करने सुरक्षा घेरा के बाहर से तथा एल.ई.डी. स्क्रीन में सुगमता और सहजता से पूरा दृश्य देखने की उम्दा व्यवस्था की हैं।

## कलेक्टर नें की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्य एवं योजनाओं की समीक्षा

# आंगनबाड़ी निर्माण कार्य में लापरवाही करने नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में शनिवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट सभागार में ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत के सी.ई.ओ शिशिर गेमावत सहित अन्य जिला अधिकारियों की मौजूदगी रही।

बैठक में कलेक्टर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, वाटरशेड, पंचायती राज, मनरेगा, जिला शिक्षा केन्द्र एवं जल जीवन मिशन योजना के तहत प्रगतिरत एवं लंबित कार्यो की समीक्षा कर निर्देशित किया गया कि सभी उपयंत्री, खण्ड विकास अधिकारी, पंचायत समन्वयक अधिकारी अपने अपने क्लस्टर की सभी ग्राम पंचायतों का सतत भ्रमण करें ताकि निर्धारित समय पर योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। प्रधानमंत्री आवास को पूर्ण किये जाने हेतु हितग्राहियों से संपर्क करें जिन कारणों से आवास पूर्ण नहीं हो रहे उन कारणों का निराकरण कराते हुए इस कार्य में गति प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया।

### नदियों में अपशिष्ट न मिले इस हेतु तैयार करे प्लान

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रगतिरत कार्यो, ग्रीन लीफ रेटिंग सिस्टम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों मे शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में प्रदान की जानें वाली सुविधाएं एवं उनके चार्जेस की जानकारी ली गई। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों के तहत प्राप्त अनुदान एवं व्यय राशि साथ ही ओडीएफ प्लस, व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक स्वच्छता परिसर की जाकर ग्राम की आबादी के हिसाब से प्रस्ताव तैयार कराने के निर्देश तकनीक अमले को दिये गये। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा बैठक के दौरान उपलब्ध बजट को दृष्टिगत रखते हुए



नदियों में मिलने वाले अपशिष्ट को रोकने हेतु ट्रीटमेंट प्लान एवं स्वच्छता के मद्देनजर अन्य बडे प्रस्ताव तैयार करनें हेतु निर्देशित किया गया।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा वाटरशेड के अंतर्गत कराये जा रहे विकास कार्यो, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की प्रावधानित राशि, अमृत सरोवर, चकडेम, तालाब निर्माण की समीक्षा के दौरान अमृत सरोवरों में पानी की उपलब्धता की जानकारी ली जाकर गर्मियों के मौसम में पानी की उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए उपयंत्रियों को सरोवर निर्माण के दौरान बुनियादी लेबल पर तालाब निर्माण कराये जाने की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए स्थल निरीक्षण करनें के निर्देश दिए गए। योजना के तहत कार्यो को गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपादित कराने की दृष्टि से समिति के सदस्यों, उपयंत्री,सचिव तथा जी.आर.एस को टेaनिंग प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया। ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत समूह गठन के लक्ष्य के विरूद्ध प्रगति, समूहो द्वारा अजीविका संवर्धन हेतु किये जा रहे नवीन प्रयासों की समीक्षा भी बैठक में की गई।

पंचायती राज अंतगर्गत 15 वॉ वित्त आयोग के तहत जिला, जनपद, ग्राम पंचायत में कराये जा रहे कार्यो सहित आंगनबाडी के स्वीकृत कार्यो की विस्तृत समीक्षा के दौरान आंगनबाड़ी निर्माण कार्य में विलंब होना पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए वर्ष 2023-24 के अधूरे कार्यो पर संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कारण बताओं नोटिस एवं विभागीय जांच की कार्यवाही प्रस्तावित करनें के निर्देश कलेक्टर श्री प्रसाद ने दिए। 15 वॉ वित्त योजनान्तर्गत प्राप्त राशि की स्थानीय समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए कार्ययोजना तैयार कर जून माह में बैठक आयोजित करनें के साथ ही इस कार्य में संलग्न कर्मचारियों को ट्रेनिंग प्रदान करने के निर्देश दिए।

### शिकायतों का करें निराकरण

जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जनपद पंचायतों के सी.ई.ओं को जल जीवन मिशन के कार्यो में रूचि लेने तथा नियमानुसार ही हस्तांतरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री प्रसाद नें कहा कि गुणवत्ता के साथ शिकायतों का त्वरित निराकरण हो सके इस हेतु सभी जनपद पंचायत के सी.ई.ओं एवं पी.एच.ई विभाग के अधिकारी ब्लाक लेवल पर बैठक का आयोजन कर शिकायतों के निराकरण की कार्यवाही कर कार्यवाही विवरण से अनिवार्य रूप से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा मनरेगा के कार्यो की समीक्षा कर तालाब निर्माण कार्य हेतु सचिव एवं जी.आर की ट्रेनिंग कराने सहित मनरेगा के तहत 10 अच्छे प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, विभिन्न योजनाओं के परियोजना अधिकारी जनपद के सहायक यंत्री, उपयंत्री एवं अन्य जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तरीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### खिलाड़ियों को सिखाया जा रहा खेल की बारीकियां

**कटनी।** लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के आदेशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल सिंह के मार्गदर्शन में ग्रीष्म कालीन खेल शिविर शासकीय उत्कृष्ट उच्च .माध्य. विद्यालय माधव नगर कटनी में निःशुल्क अयोजित किया जा रहा है। 05 से 25 मई तक चलने वाले शिविर में खिलाडियों को क्रिकेट, वॉलीबॉल और टेबल टेनिस की खेल बारीकियां प्रशिक्षण के साथ साथ शारिरिक गतिविधियां कोच शैलबाला मैथ्यूज व शेखर पाठक के द्वारा सुबह 6 बजे से 8.30 तक निरंतर दिया जा रहा है। शिविर में जिला शिक्षा बी अधिकारी द्वारा निशुल्क खेल सामग्री प्रदान की गई है। शिविर में प्राचार्या एम. किडो, जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप डांगीवाल एवं समस्त स्कूल स्टाफ का सहयोग निरंतर प्राप्त हो रहा है।

### सतचंडी महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा कल से

**कटनी।** पुष्पावती नगरी बिलहरी में सिद्धपीठ चण्डी मॉ के दरबार में श्री संतचण्डी महायज्ञ एवं शिव महापुराण का 11 दिवसीय आयोजन कथा स्थल-बड़खेरा रोड़ नदीपार पुष्पावती नगर बिलहरी में किया गया है जो कि 13 मई सोमवार से 23 मई दिन गुरूवार तक आयोजित किया गया हैं । प्रतिदिन पाठ का समय सुबह 8.00 बजे से 11.00 बजे एवं कथा व्यास पंडित पंकज सनवरिया वृन्दावन के मुखारबिन्द से सांयकाल 4.00 बजे से 7.00 तक शिवपुराण का वाचन विभिन्न प्रसंगों से किया जावेगा। जिसमें प्रमुख रूप से प्रथम दिवस सांय काल 4.00 बजे खेरमाता मंदिर से ध्वजारोहण एवं भव्य शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होकर कार्यक्रम स्थल चण्डीमाता मंदिर में सम्पन्न होगी एवं यज्ञाचार्य पंडित चन्द्रभूषण शास्त्री जी के द्वारा हवन कार्यक्रम किया जावेगा। शिवपुरण के अंतिम दिवस 23 मई 2024 को प्रातः 10.00 बजे हवन,भंडारा, कन्या भोज, ब्राम्हण भोज भोजन, प्रसाद वितरण किया जावेगा । सभी धर्मालम्बी सामाजिक बन्धुओं से सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के पुजारी आनंद महाराज सभी आयोजनों में नगर की धर्मप्रेमी जनता से अनुरोध किया है समय पर सभी धर्मिक आयोजनों पर शामिल होकर पुण्यलाभ लें।

### ट्रेन के सफर में पुलिस आरक्षक की थमी सांसें

**कटनी।** ट्रेन में सफर कर रहे एक पुलिस आरक्षक की मौत हो गई। ट्रेन के कटनी पहुंचने पर रेल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र पुलिस में कांदिवली पुलिस चौकी में पदस्थ मध्य प्रदेश के मऊगंज निवासी शमशेर सिंह 58 वर्ष की अचानक काशी एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान तबीयत बिगड़ गई और थोड़ी देर बाद उनने दम तोड़ दिया। काशी एक्सप्रेस के कटनी पहुंचने के बाद रेल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

## कलेक्टर द्वारा की गई कार्रवाई से अवैध कालोनाइजर्स और भू- माफियाओं में हडकंप

# बिना अनुमति प्लाटिंग एवं कॉलोनी निर्माण करने पर 3 कालोनाइजर्स पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा जिले मे खनन और भू- माफियाओं के विरूद्ध सख्त कार्यवाही का सिलसिला निरंतर जारी है। जहाँ कलेक्टर कोर्ट द्वारा पारित आदेशों का सख्ती से क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जा रहा है, वहीं कलेक्टर कोर्ट द्वारा जिन मामलों मे पुलिस थाना में एफ.आई.आर दर्ज कराने के आदेश दिए गए हैं,अब उनकी भी सतत मॉनीटरिंग की जा रही है।

### कलेक्टर के सख्त रूख

इसी क्रम मे स्लीमनाबाद क्षेत्र के तीन अवैध कालोनाइजर्स के मामले मे कलेक्टर न्यायालय द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराने के पारित किये आदेश के बाद तहसीलदार स्लीमनाबाद सुश्री सारिका रावत ने पिछले दो दिनों मे स्लीमनाबाद पुलिस थाना में तीन अवैध कालोनाइजर्स के विरूद्ध एफ.आई.आर दर्ज कराई है। कलेक्टर श्री प्रसाद के सख्त रूख की वजह से अवैध कालोनाइजर्स और भू- माफियाओं में हडकंप व्याप्त है।




### ये है मामला

कलेक्टर न्यायालय ने तीनों कालोनाइजर्स क्रमशः वीरेन्द्र गुप्ता, वेदप्रकाश मिश्रा और आदित्य गुप्ता को अवैध रूप से बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त किए प्लाटिंग करने और कृषि भूमि का कालोनी निर्माण के लिए अवैध व्यपवर्तन को अपराध मानते हुए एफआईआर दर्ज कराने और भूमि के खसरा अभिलेख में प्रबंधक कलेक्टर दर्ज कराये जाने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश के पालन में ही स्लीमनाबाद पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

कलेक्टर न्यायालय ने स्लीमनाबाद क्षेत्र के इन तीन कालोनाइजर्स के कालोनी विकसित एवं निर्माण कार्य को नियम विरूद्ध और अवैध मानते हुए दिए फैसले मे इन तीनों के विरूद्ध कालोनाइजर का लायसेंस सक्षम अधिकारी से बिना प्राप्त किये और कृषि भूमि का प्रयोजन बदलकर छोटे- छोटे टुकड़ों में विक्रय कर कालोनी निर्माण कार्य को अवैध घोषित कर दिया।

### इनके विरूद्ध हुई एफ.आई.आर

कलेक्टर श्री प्रसद के द्वारा दिये गए आदेश के बाद स्लीमनाबाद पुलिस थाना मे 9 मई को अवैध कालोनी निर्माण के लिए वीरेन्द्र गुप्ता पिता किशन चंद गुप्ता निवासी कटनी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वीरेंद्र गुप्ता द्वारा स्लीमनाबादके खसरा नंबर 538 के रकवा 0.69 हेक्टेयर और पटवारी हल्का नंबर 14/61 में अवैध रूप से बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति से नियम विरूद्ध प्लाटिंग कर कालोनी निर्माण का कलेक्टर न्यायालय ने दोषी पाया था।

इसी प्रकार दो अन्य मामलों मे स्लीमनाबाद पुलिस थाना में 10 मई को तहसीलदार सारिका रावत द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसमें अवैध कालोनाइजर आदित्य गुप्ता पिता वीरेन्द्र गुप्ता निवासी कटनी कोतवाली के विरूद्ध स्लीमनाबाद के खसरा नंबर 539/1 रकवा 0.96 हेक्टेयर और पटवारी हल्का नंबर 14/61 में अवैध कालोनी निर्माण किया जाना पाया गया। वहीं स्लीमनाबाद के वेदप्रकाश मिश्रा पिता श्रीधर निवासी भेड़ा स्लीमनाबाद द्वारा यहां के खसरा नंबर 703/1 रकवा 1.15 हैक्टेयर पटवारी हल्का नंबर 14/61 में अवैध रूप से कालोनी विकास किये जाने के मामले मे कलेक्टर न्यायालय के निर्देश पर एफ.आई.आर दर्ज कराई गई है।

### इन धाराओं में दर्ज हुई प्राथमिकी

स्लीमनाबाद पुलिस थाना मे तीनो अवैध कालोनाइजर्स के विरूद्ध मध्यप्रदेश पंचायत राज्य एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 61-घ , 61-घ (2) और 61-घ (3) के तहत एफ.आई.आर दर्ज की गई है।



# कार्य दौरान नीचे गिरा कर्मचारी, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मुड़वारा रेलवे स्टेशन के सामने बनाए जा रहे ग्रेड सेपरेटर के पिलर में कांक्रीट ग्राइंडिंग का कार्य कर रहा एक कर्मचारी नीचे गिर गया। पिलर से नीचे गिरने के कारण उसके कमर और सिर में गंभीर चोट आई है। जिसके बाद उसे एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने पर हुआ है। कार्य के दौरान कर्मचारी सेफ्टी बेल्ट नहीं लगाया था। इसके साथ ही कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों की अनदेखी भी की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि एनकेजे थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव निवासी गोविंद तिवारी (34) शनिवार को ग्रेड सेपरेटर के लिए बनाए गए पिलर में चढ़कर कांक्रीट ग्राइंडिंग का कार्य कर रहा था। इसी दौरान उसका पैर पिलर से फिसल गया और वह नीचे गिर गया। एक लोहे की प्लेट भी पिलर से उसके ऊपर गिरी है। हादसे में उसके सिर और कमर में गंभीर चोट आई है।

घायल कर्मचारी को एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रेड सेपरेटर के लिए कराए जा रहे कार्य में सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है। कर्मचारी सेफ्टी बेल्ट लगाकर कार्य करता तो हादसा नहीं होता है, लेकिन सुरक्षा मानकों को दरकिनार कर कार्य कराया जा जा रहा है। कोतवाली थाना प्रभारी आशीष कुमार शर्मा ने बताया कि हादसे की जानकारी मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

## नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समिति सदस्यों एवं छात्र छात्राओं ने किया श्रमदान

# जल संरक्षण को लेकर बेलकुण्ड नदी में श्रमदान कर किया सफाई, दिलाई शपथ



हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था उमरियापान के प्रस्फुटन ग्राम घुघरी की बेलकुण्ड नदी में शुक्रवार को जल संरक्षण और स्वच्छता को लेकर साफ सफाई का कार्य किया गया। जिला समन्वयक डॉ तेजसिंह केशवाल के निर्देशन और विकासखंड समन्वयक बबीता शाह के मार्गदर्शन में शुक्रवार सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे दो घण्टे तक ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, नवांकुर संस्था के सदस्यों और मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाताओं-छात्र छात्राओं ने पसीना बहाया और सफाई में लगे रहे।बेलकुण्ड की सूखी नदी में उत्साह के साथ नदी में फैले कचरे को इकठ्ठा किया। नदी के घाटों के समीप जमा कचरे का उखाड़ फेंका। सूखे कचरे को आग से जलाया। इसके अलावा श्रम दान करते हुए नदी की मिट्टी खोदकर मेढ़नुमा किनारा बनाया गया। ताकि बारिश के दिनों गांव की तरफ पानी न बढ़े।नदी का आकार चौड़ा दिखाई देने लगा।धरवारा सेक्टर प्रभारी कोदुलाल हल्दकार ने उपस्थित लोगों को जल संरक्षण और स्वच्छता को लेकर जानकारी दी और शपथ दिलाई। इस मौके पर ढीमरखेड़ा सेक्टर प्रभारी अंकित झारिया, उमरियापान सेक्टर प्रभारी प्रकाशनाथ साहू सीएमसीएलडीपी के परामर्शदाता शैलेश दुबे, अमर सिंह जोगी, धर्मेंद्र गर्ग वहीं छात्र छात्राओं में आकांक्षा मौर्य, आकृति मौर्य, नीता विश्वकर्मा, सुजीत बर्मन, विजय बहादुर बढ़ई,रितु पटेल,लक्ष्मी विश्वकर्मा सहित प्रस्फुटन समिति के सदस्यों सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा।

## जन संवाद कर अपराधों से बचने दी गई जानकारी



महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध सहित अन्य अपराधिक घटनाओं के संबंध में जानकारी देने के लिए रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने आज थाना क्षेत्र के लखेरा में जनता दरबार लगाया। जनता दरबार में उन्होंने आमजन को जानकारी देते हुए अपराधिक तत्वों से सतर्क रहने की हिदायत देते हुए क्षेत्र में व्याप्त पेयजल बिजली सहित अन्य समस्याओं की जानकारी लेते हुए उसे हल कराने का प्रयास किया। रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा के निर्देशानुसार विवेकानंद वार्ड लखेरा में लोगों से जनसंवाद किया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्या मौके पर निराकरण कराने के हर संभव प्रयास करते हुए नाबालिक बच्चे एवं बच्ची के बिना बताए घर से बाहर जाने के संबंध में, महिलाओं के संबंधी अपराध, साइबर संबंधी अपराध, यातायात एवं पानी, को बिजली की समस्या को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# बाइक सवारों को पिकअप ने मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सड़क हादसे में घायल एक युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया जाता है कि पन्ना जिले के सुगरहा-हरदुआ रोड पर गत रात बाइक सवार तीन युवकों को एक पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। तीन घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से एक युवक को जबलपुर रेफर किया गया। लेकिन जबलपुर पहुंचने से पहले गोसलपुर के पास शनिवार सुबह करीब पांच बजे उसकी मौत हो गई है। जिला अस्पताल में भर्ती एक अन्य युवक की हालत गंभीर होने पर एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।



पिकअप चालक के संबंध में जानकारी ली जा रही है।

पुलिस ने बताया कि पन्ना जिले के सुगहरा गांव निवासी पारस पिता पचोला कुशवाहा (18), सोहन पिता भूरा कुशवाहा (18) और नीरज पिता छोटे चौधरी (27) बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान सुगरहा-हरदुआ रोड पर एक तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसके कारण बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालत गंभीर होने पर पारस कुशवाहा को जबलपुर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घायल नीरज चौधरी को भी जिला अस्पताल से रेफर कराकर एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि सोहन कुशवाहा का इलाज जिला अस्पताल में ही किया जा रहा है।

## तीनों को जिला अस्पताल में इलाज के लिए कराया एडमिट

# स्टेशन में उतरते ही पति, पत्नी और बच्ची की अचानक से बिगड़ी तबीयत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ट्रेन में यात्रा के दौरान एक परिवार के तीन सदस्यों की अचानक तबीयत खराब हो गई। परिवार मैहर से मां शारदा के दर्शन कर अपने रिश्तेदार के यहां कटनी आ रहे थे। कटनी स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के बाद अचानक तबियत बिगड़ जाने के कारण पति-पत्नी और बच्ची को इलाज के लिए आरपीएफ ने शासकीय जिला अस्पताल कटनी पहुंचाया जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

प्राथमिक उपचार के बाद पत्नी और बच्ची की तो तबियत में सुधार हो गया, पति को होश नहीं आ पाया था। तीनों के साथ आखिर ऐसा क्या हुआ कि स्वास्थ्य अचानक खराब हो गया, यह बात अभी तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। जीआरपी के द्वारा



परिवार के सभी सदस्यों का इलाज कराते हुए उनके बयान दर्ज करने के प्रयास किए जा रहे हैं। परिवार जनों के बयान दर्ज होने के बाद ही घटना की सही जानकारी सामने आ सकेगी। परिवार के बड़े भाई अमित सिंह ने बताया की उनका छोटा भाई सुनील सिंह अपनी पत्नी पूजा ठाकुर के साथ जबलपुर से मैहर गया हुआ था। मैहर से कटनी आकर एक दिन रुकने का प्लान था। मैहर से वे लोग देर शाम कटनी पहुंचे। कटनी स्टेशन में ट्रेन से उतरने के बाद ही पति पत्नी और बेटी की तबियत बिगड़ गई। बच्ची के अलावा पति पत्नी बोल पाने की स्थिति में नहीं थे। उन्होंने कहा की उनके छोटे भाई की छोटी बेटी वंशिका होश में थी। उसने बताया की उनके पापा और मम्मी और छोटे भाई को एक बुजुर्ग ने पानी पिलाया था और जैसे ही सभी कटनी में उतरे वह बेहोश हो गए। मौके पर मौजूद आरएफपी पुलिस ने परिवार के सभी सदस्यों को जिला अस्पताल पहुंचाया। सभी का जिला अस्पताल में इलाज जारी है।

इस मामले को लेकर जीआरपी थाना प्रभारी अरुणा वाहने ने कहा की परिवार के सदस्य कटनी स्टेशन पर अचेत हो गए जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है परिवार के सभी सदस्यों के बयान दर्ज हो जाने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि आखिर ऐसा क्या हुआ था जिसकी वजह से परिवार के सदस्यों की तबीयत अचानक बिगड़ गई।

## दायित्वों का सुचारू क्रियान्वयन करने पर अधिकारी-कर्मचारियों का बढ़ाया हौसला

# समस्याओं का प्राथमिकता से करें निराकरण, अपूर्ण कार्यों शीघ्र कराएं ओके

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आप सभी ने लोकसभा निर्वाचन के दौरान सौंपे गए दायित्वों का सफलतापूर्वक सुचारू रूप से निर्वहन किया है, इसके लिए आप सभी को बेहतर कार्य करने के लिए बधाई। यह बातें कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभा कक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा के उपरांत अधिकारियों कर्मचारियों से कहीं। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ श्री शिशिर गेमावत सहित, जिला पंचायत के योजना प्रभारी अधिकारी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद ने जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत की सतत निगरानी में कराये जा रहे कार्यों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सराहना कर हौसला



अफजाई की। जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने योजनाओं की समीक्षा के दौरान विस्तार से जानकारी देते हुए गतिविधियों से अवगत कराया।

### धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी, निलंबन कार्यवाही के दिए निर्देश

कलेक्टर श्री प्रसाद ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन, वाटरशेड, 15वां वित्त आंगनवाड़ी भवन, मनरेगा, जिला शिक्षा केंद्र और जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत अपूर्ण और पूर्ण कार्यों की जनपद पंचायत वार और उपयंत्री वार विस्तार से समीक्षा करते हुए पुराने अधूरे निर्माण कार्यों के पूर्ण नहीं होने पर नाराजगी जताई। कलेक्टर ने बहोरीबंद विकासखंड के शाला भवनों और अन्य निर्माण कार्यों की पूर्णता की समीक्षा करते हुए उपयंत्री एस.पी. सोनी द्वारा निर्माण कार्यों की पूर्णता में रुचि नहीं लेने एवं समाधान कारक प्रगति और उत्तर नहीं देने के कारण शोकाज नोटिस देते हुए निलंबन की कार्यवाही किए जाने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ और डीपीसी को दिए।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने अधिकारियों कर्मचारियों से फील्ड में अच्छी नियत और सोच के साथ परिणाम मूलक कार्य कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर उचित प्रबंधन से कार्यों की गुणवत्ता के संग बेहतर परिणाम अर्जित किए जा सकते हैं।

कलेक्टर ने ग्रीष्म काल में पेयजल की उपलब्धता हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जल जीवन मिशन के कार्यों को गति प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएचई के अधिकारियों और जनपद पंचायत के सीईओ को समन्वय स्थापित कर, विकास खंड स्तर पर बैठके आयोजित कर पेयजल संबंधी समस्याओं के तत्परतापूर्वक निराकरण करने के निर्देश दिए। श्री प्रसाद ने जनपद पंचायतों के सीईओ को आवश्यकता और जनप्रतिनिधियों की मांग के अनुरूप दस दस जनउपयोगी विकास कार्यों को करने का लक्ष्य दिया तथा आगामी बैठक में रिव्यू किए जाने के निर्देश दिए।

### कार्यों की गुणवत्ता हेतु होंगे प्रशिक्षण

कलेक्टर श्री प्रसाद ने ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और तकनीकी पहलुओं के आधार पर कार्यों को कराए जाने हेतु प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि तालाबों का निर्माण और स्वरूप ऐसा होना चाहिए की बारिश का पानी कैचमेंट एरिया में अधिक से अधिक संग्रहित हो सके। कलेक्टर श्री प्रसाद ने लोक परिसंपत्ति प्रबंधन समिति के कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए।

समीक्षा बैठक में परियोजना अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, महिला एवं बाल विकास अधिकारी नयन सिंह, डीपीसी के के डहरिया, रोजगार अधिकारी डी के पासी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री



# बच्चों ने विधि विधान से गुड्डा गुड़ियों का रचाया विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा व उमरियापान क्षेत्र में अक्षय तृतीया पर्व उत्साह से मनाया गया। गांव-गांव में बच्चों ने सुबह से ही पूरे विधि विधान से गुड्डा गुड़ियों का विवाह रचाया।बच्चों द्वारा घर में ही गुड्डे गुड़ियों को मायका और ससुराल बनाकर विवाह रचाया गया। रीति रिवाज के साथ पहले दिन तेल दूसरे दिन बारात का कार्यक्रम रखा। पर्व को लेकर बच्चों में उत्साह भी देखने को मिला।

इससे पहले बच्चों ने गुड्डे-गुड़ियों के ब्याह का निमंत्रण दिया। गुड़िया की शादी में बच्चों ने चूलमाटी से लेकर हल्दी चढ़ाने की रस्म निभाई।मंडप तक बरात पहुंचे और विवाह की रस्म पूरी की। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए परिवारजन और मोहल्ले वासी भी पहुंचे।

गांव की बुजुर्ग लक्ष्मी बाई ने बताया कि अक्षय तृतीया को अक्ति के नाम से जाना जाता है। इस दिन ज्यादा शादियां होती हैं। इस दिन को काफी शुभ माना जाता है।

